आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 24.07.2025 समय : 18.30 पीएम

- भारत और ब्रिटेन के बीच आज मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हुए–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–इससे दोनों देशों की साझा समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।

- केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 जारी की–रोज़गार बढ़ाने पर ज़ोर।

- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया।

- प्रदेश में इस मॉनसून सीजन में अब तक सामान्य से 99 प्रतिशत अधिक बारिश–बीसलपुर बांध का गेट खोलकर अतिरिक्त पानी की निकासी शुरू।

000

बीच आज मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लंदन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ वार्ता के बाद कहा कि यह समझौता भारत और ब्रिटेन की साझा समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करता है। श्री मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कई वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद, दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता सम्पन्न हुआ है। इससे भारत के युवाओं, किसानों, मछुआरों और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से फायदा पहुंचेगा।

...............

प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौता यूरोपीय संघ छोड़ने के बाद ब्रिटेन का सबसे बड़ा और आर्थिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण व्यापार समझौता है। श्री स्टार्मर ने कहा कि इससे दोनों देशों को बहुत लाभ होगा।

000

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 जारी की। नई दिल्ली के अटल अक्षय ऊर्जा भवन में आयोजित समारोह में श्री शाह ने कहा कि ये नीति दूरदर्शी, व्यवहारिक और फायदेमंद साबित होगी। उन्होंने कहा कि इसे वर्ष 2047 तक की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है। नीति में सहकार से समृद्धि के उद्देश्य के साथ–साथ रोजगार बढ़ाने पर ज़ोर दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि इस नीति का उद्देश्य जमीनी स्तर पर एक रोडमैप तैयार करके सहकारिता के माध्यम से समृद्धि के दृष्टिकोण को साकार करना है। श्री शाह ने कहा कि नीति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप विकास पर ध्यान केन्द्रित किया गया है।

000

राजस्थान मेजर मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी में देशभर में पहले पायदान पर है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2016 में देश में प्रधान खनिज के 500 ब्लॉक्स आवंटित किये थे। इनमें से प्रदेश को 103 ब्लॉक आवंटित हुए थे, जिनमें से 64 ब्लॉक्स की नीलामी हो चुकी है। खान विभाग ने ये उपलब्धि केवल 18 महीनों में ही हासिल की है। इस बीच, नीलाम किए गए ब्लॉक्स को जल्द परिचालन में लाने लिए राज्य सरकार सक्रिय रूप से काम कर रही है, ताकि निवेश, रोजगार और राजस्व में ज्यादा से ज्यादा बढोतरी हो सके। गौरतलब है कि मेजर मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी में राजस्थान की इस उपलब्धि का कारण पारदर्शी और प्रभावी नीलामी प्रक्रिया है, जिसकी सराहना केन्द्र सरकार ने भी की है।

000

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत की अध्यक्षता में आज जयपुर में जल परियोजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक हुई। इस अवसर पर श्री रावत ने अधिकारियों को विभिन्न जल परियोजनाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिये, ताकि निर्धारित समय सीमा में प्रदेशवासियों को इनका लाभ मिल सके। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि लापरवाही बरतने और धीमी गति से काम करने वाले अभियंताओं की जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वर्षा जल का सुनियोजित प्रबंधन करने को भी कहा। साथ ही बांधों के भराव की जानकारी ली और सतर्कता तथा संवेदनशीलता से बचाव और राहत कार्य कराने के निर्देश दिए।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने अधिकारियों से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के निर्देश दिये। वे आज बालोतरा में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। शिक्षा के क्षेत्र में नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए राज्यपाल ने बच्चों की बौद्धिक और शारीरिक क्षमता को एक साथ विकसित करने की बात कही। उन्होंने जिले के स्कूलों में खेल मैदानों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मिशन हरियालो राजस्थान को और अधिक प्रभावी बनाने के भी निर्देश दिए। इससे पहले उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। इसके बाद राज्यपाल ने जालोर में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। श्री

बागड़े ने जिले में विभिन्न सरकारी योजनाओं सहित टी.बी.मुक्त ग्राम पंचायत अभियान की प्रगति की जानकारी ली।

000

प्रदेश में इस मॉनसून सीजन में अब तक सामान्य से 99 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में सामान्य रूप से 174 मिलीमीटर औसत बारिश होती है। इसके मुकाबले अब तक 374 मिलीमीटर पानी बरस चुका है।

इस बीच, विभिन्न स्थानों पर मॉनसून की सक्रियता से बरसात की गतिविधियां जारी हैं। पिछले 24 घंटों में कहीं हल्की तो कुछ स्थानों पर मध्यम बरसात हुई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 9 सेंटीमीटर पानी बारां के अटरू में बरसा। बारां के ही किशनगंज, शाहबाद, मांगरोल, छबड़ा और छीपाबड़ौद में भी अच्छी बारिश हुई। इसके अलावा कोटा के रामगंजमंडी, मंडाना, सांगोद, झालावाड के मनोहर थाना, खानपुर, अकलेरा में भी जमकर पानी बरसा। वहीं बूंदी, झुंझुनूं, अलवर, करौली, सवाईमाधोपुर और सिरोही में भी बरसात के समाचार हैं। अच्छी बारिश से राज्य के बांधों और तालाबों में पानी की आवक जारी है। आज बीसलपुर बांध के लबालब होने के बाद इसका एक गेट खोलकर अतिरिक्त पानी की निकासी की जा रही है।

मौसम विभाग ने आज 13 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इसी तरह कल जयपुर, भरतपुर, कोटा, उदयपुर और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में बरसात की संभावना है।

इस बीच, मौसमी बीमारियों की आशंका को देखते हुए राज्य सरकार की ओर से सभी इंतजाम किये जा रहे हैं। सभी जिलों में एन्टी लार्वा गतिविधियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में पाली जिला कलेक्टर एल.एन. मंत्री ने लोगों से मौसमी बीमारियों से बचने के उपाय करने की अपील की है।

000

हरियाली अमावस्या पर आज प्रदेशभर में विभिन्न मंदिरों में धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। लोगों ने पवित्र सरोवरों में आस्था की डुबकी लगायी। भरतपुर में गौशालाओं में गायों की पूजा कर हरा चारा और गुड़ खिलाया गया। बारां के सीताबाड़ी में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। चित्तौड़गढ़ के सांवलिया सेठ मंदिर में आस–पास के क्षेत्रों से पदयात्री पहुंचे। हरियाली अमावस्या के अवसर पर कई स्थानों पर मेले आयोजित किये जा रहे हैं। उदयपुर में पारम्परिक मेला भर रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि दो दिन के इस मेले में छह सौ से अधिक स्टॉल्स लगायी गयी हैं।

...............

हरियालो राजस्थान अभियान के तहत आज कई स्थानों पर बड़ी संख्या में पौधे रोपे गये। संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने जोधपुर की सांगरिया ग्राम पंचायत में एक पेड़ मां के नाम लगाया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। ब्यावर की कृषि उपज मंडी में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर करीब ढाई लाख छायादार और फलदार पौधे लगाये गये। नागौर के पशु मेला मैदान में एक हजार पौधे रोपे गये।

000

डीग जिले के तीन हजार से अधिक आबादी वाले गांवों में अटल ज्ञान केन्द्र खोले जाएंगे। चयनित ग्राम पंचायतों में खोले जाने वाले इन 47 ज्ञान केन्द्रों का संचालन अगले साल मार्च से शुरू हो जाएगा। हमारी संवाददाता ने बताया कि इन केन्द्रों के शुरू होने से युवा अपने ही गांवों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे।

000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की अगले साल होने वाली 10वीं और 12वीं की परीक्षा के लिए आज से ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गये हैं। सामान्य परीक्षा शुल्क के साथ आवेदन की अखिरी तारीख 23 अगस्त है। स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिए 11 सितम्बर से आवेदन पत्र भरे जाएंगे।

000